

संचालक,शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग
छत्तीसगढ़,नवा रायपुर,अटल नगर

प्रोसेसिंग, मुद्रण, बाईंडिंग, पेकिंग आदि के लिए सामग्रियों के क्रय हेतु दर आमंत्रण

निविदा प्रपत्र

वर्ष 2022–2023

निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 08–07–2022 (समय 3.00 बजे तक)

निविदा खोलने की तिथि 08–07–2022..(समय 4.00 बजे सायं)

मूल्य रूपये 500.00

कार्यालय संचालक
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
छत्तीसगढ़,नवा रायपुर,अटल नगर

कमांक जी.बी..4 क्र.शा./(1)/मु.सा. का क्र./22–23/157 नवा रायपुर, दिनांक 6/6/2022

// टेण्डर नोटिस //

शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, रायपुर/राजनांदगांव के उपयोग हेतु वर्ष 2020–2021 में लगने वाली विभिन्न प्रकार की प्रिंटिंग, प्रोसेसिंग, बाईडिंग एवं पैकिंग सामग्री इत्यादि के क्रय हेतु व्यवसाइयों से दरें आमंत्रित की जाती है। निर्धारित प्रपत्र इस कार्यालय में दिनांक .. 09–06–2022 से 08–07–2022 तक कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है । निविदा प्रपत्र **www.cgstate.gov.in** से भी डाउनलोड किया जा सकता है ।

1. निविदा विक्री करने की अंतिम तिथि 08–07–2022 समय 12.00 बजे तक होगी ।
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 08–07–2022 समय 3.00 बजे तक होगी ।
3. निविदा खोलने की तिथि 08–07–2022 समय 4.00 बजे तक होगी।

(विलम्ब से प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।)

संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित

6/6/22

संयुक्त संचालक
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
छ.ग. नवा रायपुर अटल नगर

कार्यालय,संचालक,शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,छ0ग0,नवा रायपुर,अटल नगर

निविदा की शर्तें

1. निविदा इस कार्यालय से कार्यालयीन समय में अथवा **www.cgstate.gov.in** द्वारा प्राप्त की जा सकती है । टेंडर प्रपत्र में निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करना आवश्यक होगा । बेवसाइड से डाउनलोड करने वाले फर्म, निविदा जमा करने के अंतिम तिथी से दो घण्टा पूर्व कार्यालय में रूपये 500/–(पांच सौ) मात्र जमा कर मनी रसीद प्राप्त कर लिफाफा " **A**" में रखना होगा ।
2. नवा रायपुर,अटल नगर एवं राजनांदगांव शासकीय मुद्रणालय में प्रदाय की जाने वाली मुद्रण सामग्रियों हेतु समान दर पर क्रय किया जाएगा ।
3. **(i)** डुप्लो मशीन का मास्टर एवं इंक निर्माता कम्पनी **(OEM)** का फर्म के नाम से अथराईजेशन प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा । (उक्त सामग्री के लिए भाग लेने पर)

   (ii) ऑफसेट, प्रिटिंग मशीन के लिए इंक,प्लेट एवं कैमिकल,निर्माता कम्पनी **(OEM)** का फर्म के नाम से अथराईजेशन प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा (उक्त सामग्री के लिए भाग लेने पर)

   (iii) टेक्नोवा कंपनी का फर्म के नाम से अथराईजेशन प्रमाण– पत्र जमा करना होगा। (उक्त सामग्री के लिए भाग लेने पर)
4. निविदाकार को आयटमवार दरें प्रपत्र में उल्लेखित अनुसार प्रति नग/प्रति लीटर/प्रति सेट/प्रति पै./प्र.केजी /प्रति मीटर, प्रति रोल,इत्यादि के अनुसार प्रस्तुत करनी होगी तथा एफ.ओ.आर. शासकीय मुद्रणालय अटल नगर/राजनांदगांव के स्टोर में प्रदाय करने हेतु होगी। जिसके लिये किसी प्रकार का अलग से परिवहन व्यय इत्यादि देय नहीं होगा ।
5. जी.एस.टी. का प्रतिशत एवं राशि का उल्लेख पृथक से करना होगा ।
6. जी.एस.टी. की दरें ,शासन द्वारा दिये गये दिशा–निर्देश अनुसार देय होगी ।
7. आयकर एवं जी.एस.टी.का टी.डी.एस. की कटौत्रा नियमानुसार किया जावेगा ।
8. सामग्री प्रदाय करने के पश्चात जी.एस.टी.क्रमांक ZZAAAGD1632E1Z9 के विरूद्व देयक तैयार कर प्रदाय करनी होगी ।
9. मुद्रण सामग्री के क्रय में ± 20% की कमी/बेशी किया जा सकता है ।
10. पैकिंग सामग्री के लिये अलग से राशि देय नहीं होगी ।
11. टेण्डर की तकनीकी अर्हताओं की पूर्ति हेतु निम्नांकित दस्तावेज (स्वहस्ताक्षरित एवं फर्म के मुद्रा सहित) लिफाफा में रखना होगी :–

    लिफाफा' –**A** (तकनीकी लिफाफा)

    (i) निविदा की कॉपी ।

    (ii) पैन कार्ड की छाया प्रति ।

    (iii) वित्तीय वर्ष 2021–22 की स्थिति में आयकर रिर्टन की प्रति ।

    (iv) वाणिज्य कर विभाग का जी.एस.टी.रजिस्ट्रेशन प्रमाण–पत्र।

    (v) 2021–22 का जी.एस.टी.रिर्टन की प्रति ।

    (vi) निविदा निक्षेप की राशि (रू.20,000/–)

    (vii) टेण्डर क्रय करने की ओरिजनल मनी रसीद ।

    (viii) दुकान/प्रतिस्थान एक्ट के अर्न्तगत फर्म का जीवित पंजीयन प्रमाण–पत्र ।

    (viiii) केमिकल,प्लेट एवं इंक हेतु (OEM) फर्म का अथोराइजेशन प्रमाण–पत्र ।

12. लिफाफा "A" में रखे जाने वाले समस्त अभिलेख के ऊपर सील एवं हस्ताक्षर किया जाना अनिवार्य होगा ।

13. लिफाफा' –B(दर का लिफाफा)
निविदा फार्म में संलग्न प्रपत्र (अ) जिसमें निर्धारित स्थान पर दर अंकित हो ।

14. निविदा निक्षेप की राशि रूपये 20,000/– (रूपये–बीस हजार) नगद स्वीकार न की जाकर एफ.डी.आर. बचत पत्र या डी.डी. के शक्ल में ही स्वीकार की जायेगी, जो कि राष्ट्रीयकृत बैंक का होना आवश्यक है। यह संचालक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, इन्द्रावती भवन, द्वितीय तल नवा रायपुर,अटल नगर छ.ग. के पक्ष में देय होगी।

15. सीलबंद लिफाफा A व सीलबंद लिफाफा B को एक बडे लिफाफे "C"में रखकर सीलबन्द करेंगे तथा इसके ऊपर "मुद्रण सामग्री हेतु निविदा" अंकित होगा ।

16. लिफाफा 'C' के उपर फर्म का सील व नाम अंकित/लिखा जाना होगा ।

17. विगत वर्ष जमा की गयी निविदा निक्षेप/अमानत की राशि मान्य नहीं होगी ।

18. निविदा में दिये गये स्पेसीफिकेशन के अनुसार सामग्री प्रदाय नहीं किये जाने की स्थिति में सामग्री वापस कर दिया जावेगा तथा अपने व्यय पर मुद्रणालय से उठाना होगा ।

19. दरें स्वीकृति होने के उपरान्त व्यवसायी को सामग्री का प्रदाय,प्रदाय आदेश में निर्दिष्ट समयावधि में तथा टेण्डर में दर्शाये विवरणानुसार प्रदाय करना होगा अन्यथा स्थिति में निविदाकर्ता को प्रदाय आदेश निरस्त करने एवं जमा निविदा निक्षेप एवं अमानत राशि को राजसात करने का अधिकार होगा ।

20. दरें स्वीकृत होने के उपरांत व्यवसायी को आदेश हेतु विचाराधीन दरों के कुल सामग्री/सामग्रियों के मूल्य का 5 प्रतिशत राशि प्रतिभूति के रूप में राशि जमा करना होगा, जो संचालक,मुद्रण तथा लेखन सामग्री,नवा रायपुर,अटल नगर के नाम से देय होगा ।

21. निविदादाता के न्यूनतम दर प्राप्त होनें पर ,प्रदाय आदेश के पूर्व अनुबंध निष्पादित किया जाना अनिवार्य होगा ।

22. प्रतिभूति की राशि प्रदाय आदेश के सफलतापूर्वक निष्पादन के उपरांत अदेय अमांग प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने के उपरांत वापिस की जायेगी। यह प्रमाण–पत्र, उप–संचालक, शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय रायपुर/राजनांदगांव द्वारा जारी किया जावेगा। यदि निविदाकार आदेशानुसार सामग्रियों का पूर्णतः अथवा अंशतः प्रदाय करने में असमर्थ रहता है तो जमा प्रतिभूति की राशि राजसात करने का अधिकार निविदाकर्ता को होगा।

23. निविदाकर्ता न्यूनतम दर स्वीकृत करने हेतु बाध्य नहीं होंगे तथा उन्हें एक से अधिक व्यवसाईयों को सामग्रियों के न्यूनतम दर को विभाजित कर प्रदाय आदेश देने का अधिकार होगा ।

24. किसी भी समय इस संव्यवहार में उत्पन्न किसी विवाद में निर्णय लेने का अधिकार भारसाधक सचिव, छ0ग0 शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय ,नवा रायपुर,अटल नगर को होगा तथा उनके द्वारा इस संबंध में दिया गया निर्णय उभय पक्षों को मान्य करना होगा।

25. शासन के व्यापक वित्तीय हितों एवं सामग्री का प्रदाय सुनिश्चित करवाने हेतु न्यूनतम स्वीकृत दरों पर एक या उससे अधिक निविदाकर्ता को निविदा में विहित शर्तों को शिथिल करने का अधिकार होगा।

26. निविदा प्रस्तुत करने का अभिप्राय यह होगा कि व्यवसायी को निविदा की समस्त शर्तें स्वयमेंव स्वीकार है ।

27. दर के लिए प्रत्येक पेज पर फर्म की सील व हस्ताक्षर होना अनिवार्य है ।

28 न्यूनतम दर पर प्राप्त सामग्री को एक से अधिक फर्मो के बीच क्रय आदेश,विभाजित करने का अधिकार निविदाकर्ता हो होगा ।

29. निविदा प्रपत्र के दर एवं मुद्रण सामग्री के नाम ,स्पेसीफिकेशन में किसी प्रकार की कांट–छांट नहीं होगी । अन्यथा निविदा अमान्य कर दी जावेगी ।

30 सामग्रियों का प्रदाय, प्रदाय आदेश प्राप्त होने के 30 दिवस के अन्दर मुद्रणालय अटल नगर रायपुर/राजनांदगांव को प्रदाय करनी होगी ।

31. अत्यन्त आवश्यक मुद्रण सामग्री 24/48 घण्टे में मुद्रणालय को प्रदाय करना होगा ।

32. निविदा निम्नांकित कारणों से अमान्य किया जावेगा :–

(a) यदि इस कार्यालय के निर्धारित निविदा प्रपत्र में दरें नहीं भरी जाती है ।

(b) निविदा निक्षेप की राशि बीस हजार,निर्धारित बैंक के नहीं दी जाती है ।

(c) यदि आयकर एवं जी.एस.टी. की वार्षिक रिर्टन की प्रति संलग्न नहीं रहती है ।

(d) आयकर का पैन कार्ड एवं जी.एस.टी. का रजिस्ट्रेशन प्रमाण –पत्र संलग्न नही रहती है ।

(e) टेण्डर क्रय करने की मूल मनी रसीद संलग्न नहीं होने के कारण ।

(f) दुकान/प्रतिस्थान एक्ट के अर्न्तगत फर्म का जीवित पंजीयन प्रमाण–पत्र ।

(g) निविदा फार्म के प्रत्येक पृष्ठ में सील एवं हस्ताक्षर नहीं होने के कारण ।

(h) यदि इस टेण्डर में शामिल शर्तो का उलंघन किया जाता है ।

(i) टेण्डरर द्वारा किसी प्रकार का दबाव,सिफारिश अथवा अन्य प्रभाव डाला जाता है

(j) आयटम के अनुसार प्रमाण–पत्र संलग्न नहीं रहने पर ।

(k) टेण्डर में वांछित अभिलेख संलग्न नहीं रहने पर ।

(l) टेण्डर में संलग्न प्रत्येक छाया प्रति स्वहस्ताक्षरित नहीं होने पर ।

33 विलम्ब से मुद्रण सामग्री प्रदाय करने के लिए प्रति सप्ताह 1%(चार सप्ताह तक) इसके पश्चात 3% प्रति सप्ताह अथवा अधिकतम 15% कुल प्रदायित सामग्री के राशि का अधिभार लगेगा ।

34 यदि न्यूनतम दर आने पर फर्म द्वारा अनुबंध नहीं किया जाता है, और इसके कारण विभाग को जो अतिरिक्त राशि सामग्री क्रय के लिये व्यय होती है तो उसकी वसूली भू–राजस्व की तरह न्यूनतम दर प्राप्त फर्म से की जावेगी ।

35. यह निविदा अनुबंध तिथी से एक वर्ष के लिए मान्य होगी तथा आपके द्वारा प्रस्तुंत दर पर इस कार्यालय को सामग्री इसी दर पर प्रदाय की जानी होगी । दोनो पक्षों की सहमति के आधार पर अनुबंध की अवधि समाप्ति उपरांत एक वर्ष के लिये और बढायी जा सकती है ।

36. किसी प्रकार का काउण्टर शर्त मान्य नही होगा।

संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित

6/6/22

संयुक्त संचालक
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
छ0ग0,नवा रायपुर,अटल नगर

कार्यालय,संचालक,शासकीय मुद्रण तथा लेखनसामग्री,छ0ग0नवारायपुर,अटलनगर

दरें प्रस्तुत करने हेतु प्रपत्र

स. क.	सामग्री का नाम एंव स्पेसीफिकेशन	इकाई	रायपुर	राज– नांदगांव	कुल मात्रा	दर प्रति(बिना जी.एस. टी. के)	जी.एस.टी. का प्रतिशत	जी.एस. टी.की राशि	जी.एस.टी. सहित दर
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	आफसेट रेड इंक	केजी	–	80	80				
2	हाई स्पीड ब्लैक इंक (Huber)	केजी	–	200	200				
3	डुप्लो 650 ब्लू इंक	नग	–	10	10				
4	डुप्लो 650 रेड इंक	नग	–	10	10				
5	डुप्लो 650 ग्रीन इंक	नग		10	10				
6	नम्बरिंग ब्लेक इंक(100 एम. एल.बाटल)	नग	–	300	300				
7	स्पंज,विस्कोविटा	नग	40	200	240				
8	जी.पी0 प्लेट क्लीनर (टेक्नोवा मेंक)	लीटर	50	200	250				
9	सेन्सीटाईजर ए+बी	सैट	–	50	50				
10	पी0एस0प्लेट,अजीत/ प्रिंटलाईन मशीन(620 X 482 X28 एम.एम.) (टेक्नोवा मेंक) शार्ट रन	नग	4000	7000	11000				
11	पी0एस0प्लेट,अजीत/ प्रंटलाईन मशीन(620 X 482 X28 एम.एम.) (टेक्नोवा मेंक) लांग रन	नग	1000	1000	2000				
12	पी.एस.डेवलेपर,,300 ग्राम बाटल(पावडर में) (टेक्नोवामेंक)	बॉटल	–	160	160				
13	पी.एस. डेवलेपर,(5 लीटर के पैक में) (टेक्नोवा मेंक)	लीटर	100	–	100				
14	नोवा डिलिट रिमुव्हर	लीटर	100	100	200				
15	नोवावाश(टेक्नोवा मेंक)	लीटर	100	1000	1100				
16	कॉटन वेस्ट	केजी	–	400	400				
17	सुतली 3 प्लाई जूट की	केजी	50	350	400				
18	हैसियन क्लॉथ	केजी	–	500	500				
19	स्टेपल पिन 24/6 (20 पीस, प्रति बाक्स में) कंगारू ब्रांड	बॉक्स	–	100	100				
20	नम्बरिंग रेड इंक(कोरस) 50 एम.एल.बॉटल	नग	20	100	120				
21	बाईडिंग क्लॉथ,रेड,(प्रति रोल 20 मीटर)	रोल	–	10	10				

22	बाईडिंग क्लॉथ,ब्लू,(प्रति रोल 20 मीटर)	रोल	—	25	25				
23	बाईडिंग क्लॉथ,ब्लैक,(प्रति रोल 20 मीटर)	रोल	—	10	10				
24	डपिंग होज 170 एमएम	मीटर	—	200	200				
25	डपिंग होज 150 एमएम	मीटर	—	200	200				
26	डपिंग होज 160 एमएम	मीटर	20	—	20				
27	ब्लैकेट एल्युमुनियम पट्टी	नग	—	300	300				
28	रबर ब्लैकेट विथ एल्युमिनियम स्ट्रिप 630X486 X 3 प्लाई	नग	6	—	6				
29	ब्लैकेट 3पलाई,18"X24"(620X 482 एम.एम.)	नग	—	150	150				
30	बेरिंग 6003ZZ(SKFमेंक)	मीटर	10	400	410				
31	बटर पेपर ए/4 आकार 90/95 जीएसएम(टेक्नोवा मैंक) Nova Trace	मीटर	60	100	160				
32	बटर पेपर ए/3 आकार 90/95 जीएसएम(टेक्नोवा मैंक) Nova Trace		30	—	30				
33	ऑफसेट बुक ब्लेक इंक	केजी	—	100	100				
34	फोल्डर कटिंग रबर	नग	—	24	24				
35	प्लेट क्लेम्पिंग पिन	नग	—	10	10				
36	रिचेट/वाल्व	नग	—	10	10				
37	बुश फॉर पिन	नग	—	10	10				
38	फोल्डर ब्लैड	नग	—	10	10				
39	फाउंटेन साल्यूशन,(5 लीटर के पैंक में)	लीटर	50	—	50				
40	डुप्लो मास्टर 650डीआरयू–65	नग	35	—	35				
41	डुप्लो 650 ब्लैक इंक डीपीएस डीयू–14 एल	नग	50	—	50				
42	सेलो टेप	नग	20	—	20				
43	ब्राउन टेप	नग	25	—	25				

निविदाकार के हस्ताक्षर
एवं सील
नाम एवं पत्राचार का पता

दूरभाष/मोबाईल नं.
/ई–मेल आइडेश

दिनांक .....

संयुक्त संचालक
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
छ.ग.नवा रायपुर अटल नगर